अजनर पुलिस ने अवैध तमंचे व कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार:-

आज दिनांक 17/10/2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के द्वारा चलाये जा रहे अपराधियों के धरपकड अभियान व श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम के निर्देशन पर क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रामप्रवेश राय के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक नि. श्री शशि कुमार पाण्डेय द्वारा गठित टीम में उ.नि. श्री राजेश कुमार प्रजापति, हे.का. राजकुमार व का. पीयूष सिंह व का. इन्द्रजीत यादव थाना अजनर जनपद महोबा द्वारा मुखविर खास की सूचना पर अशोक राजपूत के दरवाजे के सामने चबूतरे पर वहद ग्राम धवर्रा व फासला 20 किमी दक्षिण से अभियुक्त राकेश पाल पुत्र मुन्नी पाल उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम ग्राम धरमपुरा थाना बिजावर जिला छतरपुर म.प्र को 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ आज दिनाँक 17/10/2020 को समय 7.30 बजे गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके आधार पर अभियुक्त राकेश पाल पुत्र मुन्नी पाल उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम ग्राम धरमपुरा थाना बिजावर जिला छतरपुर म.प्र के विरुद्ध थाना हाजा पर मु.अ.सं. 180/2020 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया बाद आवश्यक कार्यवाही कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

राकेश पाल पुत्र मुन्नी पाल उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम ग्राम धरमपुरा थाना बिजावर जिला छतरपुर म.प्र

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण-

1. उ.नि. श्री राजेश कुमार प्रजापति थाना अजनर महोबा
2. हे.का. राजकुमार थाना अजनर जनपद महोबा
3. का. पीयूष सिंह थाना अजनर जनपद महोबा
4. का. इन्द्रजीत यादव थाना अजनर जनपद महोबा

कबरई पुलिस ने अवैध शराब सहित के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार:-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में , अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के.गौतम के पर्यवेक्षण में एंव क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिहं के नेतृत्व में चलाये जा रहे अवैध शराब अभियान में कबरई पुलिस टीम को उस समय एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई । जब प्रभारी निरीक्षक कबरई श्री दीपक कुमार पांडेय द्वारा गठित की गयी टीम उ0नि0 श्री राजेश कुमार मिश्र मय हमराही कां मनीष कुमार द्वारा दिनांक 16.10.20 को अभियुक्त महेश **S/O** हीरा लाल उम्र 38 वर्ष को पालीवाल मोड़ पहरा के पास गुमटी से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से देसी ठेका शराब के 20 क्वाटर जिस पर ‘दिल से’ देशी शराब (सादा) सर सादी लाल डिस्टलरी एंण्ड केमिकल वर्क्स (ए. यूनिट आफ एस. वी.पी. इंडस्ट्रीज लिमिटेड) मंसूरपुर मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश का लेबल लगा है शराब बरामदगी की गयी जिसके आधार पर थाना हाजा मु.अ.सं. 259/2020 धारा 60 **ex act** पंजीकृत किया गया |

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री राजेश कुमार मिश्र
2. कां मनीष कुमार

बरामदगी :- कुल 20 अदद क्वाटर ठेका देशी शराब (दिल से)

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –

महेश **S/O** हीरा लाल नि. ग्राम पहरा थाना कबरई जनपद महोबा उम्र 38 वर्ष

सीओ सिटी द्वारा मय फोर्स थाना कबरई क्षेत्र में “मिशन शक्ति” के तहत किया गया फ्लैग मार्च

आज दिनाँक 17.10.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में सीओ सिटी श्री कालू सिंह द्वारा मय कबरई पुलिस बल के साथ कस्बा कबरई में “मिशन शक्ति” के तहत फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान क्षेत्र की बालिकाओं/महिलाओं को उनके अधिकारो के प्रति जागरुक किया गया तथा सुरक्षा के प्रति उनका मनोबल बढाया गया एवं कबरई पुलिस फोर्स को निर्देशित भी किया गया। साथ ही जनपद के समस्त थानो द्वारा भी उक्त संदेशो को फ्लैग मार्च के दौरान महिलाओ/बालिकाओ के साथ साझा किया गया।

कोविड-19 के उल्लंघन पर किया गया 3200/-रू0 का जुर्माना एवं यातायात नियमो के तहत किये गये ई-चालान

आज दिनाँक 17.10.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में **कोविड-19** का पालन कराये जाने तथा यातायात नियमो का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध चलाये जा रहे संघन चेकिंग/जागरुकता अभियान के तहत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रो में चेकिंग की गई । जिसके तहत **कोविड-19/यातायात नियमो के उल्लंघन** पर समस्त थानो द्वारा **कोविड-19 के तहत 24 व्यक्तियों से 3200/-रू0** जुर्माना वसूला गया तथा यातायात नियमो के उल्लंघन पर **30 ई-चालान** भी किया गया ।

प्रेस विज्ञप्ति
जिला सूचना कार्यालय, महोबा
दिनांक: 17 अक्टूबर 2020

जनपद में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, महिलाओं तथा बालिकाओं के विरुद्ध हिंसा रोकने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार से मा० सांसद हमीरपुर- महोबा पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने डीएम सत्येंद्र कुमार की उपस्थिति में आगामी 180 दिन तक चलाये जाने वाले मिशन शक्ति अभियान की शुरुआत की।

मिशन शक्ति अभियान के शुभारंभ अवसर पर मा० सांसद जी ने जिले की नारी शक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि आज शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हो रही है यह नौ दिन नारी शक्ति देवी दुर्गा को समर्पित होते है।इन दिनों में घर- घर में कन्या पूजन किया जाता है।उन्होंने कहा कि यह बहुत ही शुभ अवसर है जब प्रदेश के मा० मुख्यमंत्री श्री योगी जी ने नारी शक्ति मिशन कार्यक्रम की शुरुआत की है।उन्होंने कहा कि हमारे देश की संस्कृति बहुत अच्छी है और हम सभी को नैतिक मूल्यों का पालन करते हुए नारी शक्ति का सम्मान करना है तथा उनको सुरक्षा का वातावरण उपलब्ध कराना है।जनपद की महिलाएं, बालिकाएं सुरक्षित महसूस करें यहीं मिशन का मुख्य उद्देश्य है।

इस अवसर पर डीएम ने महिला शक्ति से आह्वान करते हुए कहा कि महिलाएं यदि ठान ले तो कोई भी ऐसी ताकत नहीं है जो उन्हें हतोत्साहित कर सके।उन्होंने कहा कि हमारे संविधान ने महिला या पुरूष दोनों को बराबर शक्ति प्रदान की है।आज महिलाओं को यह शपथ लेनी होगी कि आगे से जनपद में भ्रूण हत्या की पुनरावृत्ति न हो।उन्होंने अपील की कि सभी महिलाएं एकजुट होकर अपने सम्मान की रक्षा करें, स्वाबलंबी बनें और माँ० दुर्गा की तरह ही अन्य लोगों की भी रक्षा करें।उन्होंने कहा कि जिले में शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु कई योजनाएं चलायी जा रहीं हैं।इनका सत्यापन कराया जाएगा और वंचित महिलाओं को लाभान्वित करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।उन्होंने जनपद के लिंगानुपात पर चिंता जताते हुए कहा कि "क्या कारण है कि जिले में प्रति दिन 4 बच्चियां पैदा नहीं हो पा रहीं हैं।बतादें कि जिले का लिंगानुपात

892 है, जबकि 0-6 वर्ष की कुल जनसंख्या 128000 है।इनमें से 68000 बच्चे हैं और 60000 बच्चियां हैं।

इस अवसर पर जिले में शासन द्वारा नामित की गई मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी श्रीमती चित्रलेखा सिंह, अपर निदेशक एमएसएमई ने कहा कि नारी शक्ति को पुरुषों से कमतर नहीं समझना चाहिए।महिला और पुरूष हर मायने में बराबर हैं।नगरपालिका चैयरमेन दिलाशा तिवारी ने कहा कि नारी को बेचारी कहना गलत है।हर महिला को नारी होने पर गर्व होना चाहिए।महिला पुलिस इंस्पेक्टर रचना राजपूत ने कहा कि महिलाएं किसी भी आपात स्थिति में वीमेन हेल्पलाइन 181, यूपी- 112, वीमेन पॉवरलाइन 1090 तथा मेडिकल इमरजेंसी में 102 पर तत्काल काल करें।प्रशासन 24 घण्टे आपके लिए तैयार रहता है।

इसके अलावा कार्यक्रम में एसपी अरुण कुमार श्रीवास्तव, सीडीओ हीरा सिंह, सीएमओ एम के सिन्हा, एडीएम आरएस वर्मा आदि ने महिला शक्ति की सराहना की और उन्हें सुरक्षित वातावरण दिलाने में सहायता करने की बात कही।इसके साथ ही विभिन्न अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों द्वारा संचालित महिलाओं हेतु कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी।

इसी कार्यक्रम के दौरान मा० सांसद, डीएम व अन्य अधिकारियों ने जनपद महोबा मिशन शक्ति मोनोग्राम का अनावरण किया तथा उपस्थित लोगों को सुरक्षा शपथ दिलायी।नारी शक्ति अभियान को बल प्रदान करने हेतु हस्ताक्षर किये तथा सूचना विभाग द्वारा जनपद में भेजे गए एलईडी प्रचार वाहन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।बताया गया कि यह वाहन प्रतिदिन जनपद में भ्रमण कर लोगों को मिशन शक्ति कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में बताएंगे तथा महिला सुरक्षा व स्वालंबन हेतु जागरूक करेंगे।

कार्यक्रम में पीडी डीएन पांडेय, डीडी एजी जी राम, डीसी मनरेगा सत्यराम यादव, डीपीओ सुरेंद्र तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधीर त्यागी, सूचना अधिकारी सतीश यादव, दुग्ध निरीक्षक सुशील शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।